दिल्ली में जहरीली शराब पीने के कारण मौतें

58. **श्री ईश दत्त यादव:**
श्री रामगोपाल यादव:

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को मदनपुर खादर गांव (दिल्ली) में जहरीली शराब पीने से कई व्यक्तियों की हुई मौत के बारे में जानकारी है, और यदि हां, तो सरकार ने इस संबंध में क्या कार्रवाई की है; और

(ख) शीतल पेय की दुकान की ओट में जहरीली एवं कच्ची शराब बेचने वाले जतन नामक व्यक्ति (शराब माफिया) के विरुद्ध पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं करने का क्या कारण है?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मोहम्मद मकबूल डार): (क) 1 जून, 1997 को प्रकाशित इस आशयण की एक प्रैस रिपोर्ट कि जहरीली शराब पीने के बाद पांच व्यक्तियों की मृत्यु हो गई के विपरीत दिल्ली पुलिस द्वारा की गई जांच पड़ताल से पता चला है कि इनमें से कुछ मौतों के लिए जहरीली शराब के सेवन को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है।

(ख) गांव मदनपुर खादर निवासी जतन नामक एक व्यक्ति को उस समय गिरफ्तार किया गया जब उसके कब्जे में 20 बोतल अवैध शराब थी। उसे बाद में जमानत पर रिहा कर दिया गया परन्तु उसके खिलाफ मामले में न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया गया है।

बिहार में केन्द्रीय अर्द्ध-सैनिक बलों की तैनाती

59. **श्री एस० एस० अहलुवालिया:** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने पिछले दो महीनों में बिहार में बहुत बड़ी संख्या में केन्द्रीय बलों की तैनाती की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) केन्द्रीय बलों की प्रदेश में तैनाती के क्या कारण है?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मोहम्मद मकबूल डार): (क) से (ग) लोक व्यवस्था बनाए रखने में राज्य सरकारों को सहायता के लिए उन्हें केन्द्रीय अर्द्ध-सैन्य बल उपलब्ध कराए जाते हैं। तथापि बल की मात्रा, बल की उपलब्धता एवं समग्र सुरक्षा परिदृश्य पर निर्भर करती है। तदनुसार, केन्द्रीय अर्द्ध-सैन्य बल, बिहार सरकार को उपलब्ध कराए गए हैं। तैनात बलों के लेविल और प्रकृति का ब्यौरा देना जनहित में नहीं है।

Request for withdrawal of SPG cover

60. SHRIMATI ANANDIBEN JETHABHAI PATEL:
SHRI ANANTRAY DEVSHANKER DAVE:

Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that a number of VVIPs and other political leaders who have been provided with SPG cover have requested Government for its withdrawal in view of the high cost of its maintenance;

(b) if so, the details thereof;

(c) the details of SPG cover being provided to them at present; and

(d) the steps Government propose to take in this regard?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI MOHD. MAQBOOL DAR): (a) and (b) Yes Sir. A request has been received from Shri V.P. Singh, former Prime Minister and his wife and Shri H.D. Deve Gowda, former Prime Minister requesting for withdrawal of SPG.

(c) and (d) The requests of the former Prime Ministers are under examination. Schemes for alternative Security arrangements based on latest threat perception which will be required in their cases are being drawn up.

तरन तारन के पूर्व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की मौत

61. **श्री रामगोपाल यादव:**
श्री ईश दत्त यादव:

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का ध्यान 25 मई, 1997 के